प्रादेशिक समाचार
04.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का झारखंड दौरा 15 सितंबर को संभावित, टाटानगर से पांच वंदे भारत ट्रेनों को दिखायेंगे हरी झंडी, 21 हजार करोड रुपये की योजनाओं की देंगे सौगात।

2. गिरिडीह में अनाज घोटाला मामले में सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई, कालाबाजारी के आरोपी संवेदक रामजी पांडेय के घर समेत कई ठिकानों पर की छापेमारी।

3. मौसम विभाग ने राज्यभर में आज से अगले तीन दिनों तक हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश का जताया पूर्वानुमान, वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।

4. पेरिस पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी, गोला फेंक में सचिन ने जीता रजत पदक, कुल पदकों की संख्या हुई इक्कीस।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 15 सितंबर को जमशेदपुर दौरा संभावित है। इस दौरान श्रीमोदी टाटा–पटना समेत पांच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री टाटानगर स्टेशन से 21 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात देंगे। इसमें नयी रेल लाइन, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। श्रीमोदी के दौरे को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय और रेलवे मंत्रालय की संयुक्त टीम ने टाटानगर स्टेशन क्षेत्र का दौरा किया। वहीं साउथ ईस्टर्न रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने टाटानगर रेलवे स्टेशन में आज व्यवस्था का जायजा लिया और जरूरी दिशानिर्देश दिया।

उधर पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बताया कि पंद्रह सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमशेदपुर आ रहे हैं। श्रीमोदी सरकारी कार्यक्रम के साथ–साथ पार्टी नेताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

****

केंद्रीय जांच एजेंसी–सीबीआई ने गिरिडीह में अनाज घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई की टीम ने आज एफसीआई से जुड़े संवेदक रामजी पांडे के घर और गोदाम में तथा एफसीआई गोदाम संचालक संजय शर्मा के घर छापेमारी की। सीबीआई के अधिकारी अपनी जांच पूरी कर वापस लौट गये हैं। सीबीआई की टीम ने रामजी पांडेय के घर से कुछ कागजात बरामद किया है। बताया जा रहा है कि सीबीआई की टीम ने गिरिडीह में सतासी हजार क्विंटल अनाज गबन के मामले में छापेमारी की है। बता दें कि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस मामले को कई बार उठाया था।

****

पूर्व मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन के आज जिला मुख्यालय सरायकेला पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान हजारों समर्थक मौजूद रहे। इस मौके पर श्रीसोरेन ने कहा कि इस रैली की भीड़ बता रही है कि हेमंत सरकार के खिलाफ परिवर्तन का संदेश है।

इससे पहले भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मंत्री चंपई सोरेन और उनके पुत्र सिमल सोरेन का स्वागत किया। इस दौरान चंपाई सोरेन कहा कि भाजपा में रहकर घुसपैठियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे और आदिवासियों के हित की लड़ाई लड़ेंगे।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं। श्रीमरांडी ने कहा कि गरीबों को न तो पैसे मिले और न ही बेरोजगारों को नौकरी ही मिल पाई।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज दक्षिणी छोटानागरपुर प्रमंडल की लाभुकों के बीच मंइयां सम्मान योजना के तहत उनके खाते में 70 करोड़ की राशि हस्तांतरित की। इस सिलसिले में रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि मात्र पच्चीस दिन में लाखों महिलायें इस योजना से जुड़ चुकी हैं।

****

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने एक मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर चल रही धोखाधड़ी के खिलाफ चेतावनी दी है। इसमें बताया गया कि लोगों से नकली नोटिस के आधार पर दो हजार 500 रुपये की मांग की जा रही है। इस नोटिस में दूरसंचार विभाग द्वारा प्राप्तकर्ता के स्थान पर मोबाइल टावर लगाने के लिए शुल्क लेकर फर्जी अनापत्ति प्रमाणपत्र दिए जाने का दावा किया गया है। पीआईबी की फैक्ट चेक युनिट ने बताया कि ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए परिसर को पट्टे पर देने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई शुल्क या कर एकत्र नहीं करता है।

****

देवघर और जामताड़ा में छह लेन सड़क बनेगी। इस एक्सप्रेस–वे के तैयार हो जाने पर देवघर से पटना और कोलकाता का सफर तीन घंटे में पूरा होगा।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज से अगले तीन दिनों तक हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं पूरे राज्य में अगले तीन दिनों तक वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

पेरिस पैरालिंपिक में आज भारत ने एक और पदक जीत लिया है। गोला फेक स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ी सचिन सरजेराव ने रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 21 हो गई है। भारत का पैरालिंपिक के इतिहास में अब तक का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने तोक्यो पैरालिंपिक खेलों में 19 पदक जीते थे। वहीं दूसरे खेलों में भी भारतीय खिलाड़ी आज पदक की दावेदारी पेश करेंगे।

*******समाप्त********